# समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

जल जीवन मिशन (नमामि गंगे) के तहत पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 29.07.2026 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आहुत की गई, बैठक में उपस्थिति निम्नवत रही:-

| क्र0सं0 | नाम | पदनाम | विभाग |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री के0के0 सिंह | मुख्य विकास अधिकारी | विकास विभाग |
| 2 | श्री प्रेमचन्द मौर्य | अपर जिलाधिकारी | नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, |
| 3 | श्री अंचल कुमार गुप्ता | अधिशासी अभियन्ता | जल निगम (ग्रामीण) |
| 4 | श्री राम अयोध्या प्रसाद | जिला पंचायत राज अधिकारी | पंचायती राज |
| 5 | श्री पंकज तिवारी | जिला सूचना अधिकारी | सूचना विभाग |
| 6 | श्री जीतेन्द्र नाथ भारती | अधिशासी अभियन्ता | विद्युत विभाग, प्रथम |
| 7 | श्री पुष्पदेव | अधिशासी अभियन्ता | विद्युत विभाग, द्वितीय |
| 8 | श्री विकास कुमार | डी0सी0 | पंचायती राज |
| 9 | श्री अखिलेश कुमार सिंह | सहायक अभियन्ता (सिविल) | एस0डब्ल्यू0एस0एम0 |
| 10 | श्री गगन दीक्षित | सहायक अभियन्ता (वि0/यॉ0) | एस0डब्ल्यू0एस0एम0 |
| 11 | श्री कृष्णा राजूपत | डी0पी0एम0 | मै0 बी0एल0जी0, टी0 पी0 आई0 |
| 12 | श्री के0वी0 सत्यनारायण | सुपरविजन इंजीनियर | पी0एम0सी0 |
| 13 | श्री श्याम नारायण दुबे | सोशल एक्सपर्ट | पी0एम0सी0 |
| 14 | श्री शिवम सोनी | डी0टी0एल0 | मै0 बी0एल0जी0 (O&M), टी0 पी0 आई0 |
| 15 | श्री नागेश | डी0जी0एम0 | जी0वी0पी0आर0 इन्जीनियर्स लि0 |
| 16 | श्री अरविन्द भाटलू | डी0पी0एम0 | जी0वी0पी0आर0 इन्जीनियर्स लि0 |
| 17 | श्री प्रमोद बड़क | एस0पी0एम0 | मै0 बी0जी0सी0सी0 |
| 18 | श्री आजाद सिह | डी0पी0एम0 | मै0 बी0जी0सी0सी0 |
| 19 | श्री लवकुश राजपूत | पी0एम0 | मै0 मोहित पोलिटेक |

बैठक के दौरान JJM Dashboard पर उपलब्ध विभिन्न बिन्दुओं एवं आंकड़ों जिलाधिकारी महोदय, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा विस्तृत एवं गहन समीक्षा की गई, जो निम्नवत् है:-

**Table No-1A: Jal Nigam Operation and Maintenance Scheme Progress**

Table No-1A के अंतर्गत संचालन एवं अनुरक्षण (Operation & Maintenance) के अधीन संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा निर्देशित किया गया कि 56 योजनाओं के 63 ग्रामों में से 46 ग्रामों में पूर्ण क्षमता पेयजल आपूर्ति की जा रही है, परन्तु 17 ग्रामों में आंशिक क्षमता पर जलापूर्ति की जा रही है। अधिशासी अभियन्ता द्वार अवगत कराया गया कि 17 ग्रामों में पाइप लाइन जीणशीर्ण अवस्था में होने के कारण बदले जाने की आवश्यकता है, जिस हेतु प्राक्कलन प्रेषित किया गया है।

Scanned with CamScanner

वर्तमान में पुरानी पाइप के लीकेज मरम्मत कर शत प्रतिशत जलापूर्ति किए जाने हेतु अगले एक माह में एजेन्सी मै० मोहित पॉलिटेक प्रा०लि० को निर्देशित किया गया है।

(कार्यवाही अपेक्षित – अधि०अभि०, जल निगम ग्रामीण)

**Table No-2 एवं Table No-5: Physical Progress Phase wise एवं Components Wise Physical Progress**

Table No-2 एवं Table No 5 में जल जीवन मिशन के अंतर्गत Phase wise एवं **Components Wise** योजनाओं की प्रगति निम्नवत् है:–

1. सला ग्राम समूह पेयजल योजना

**सला ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी जी०वी०पी०आर० के द्वारा सम्मिलित 197 ग्रामों में पेयजल उपलब्ध कराया जाना था,** परन्तु वर्तमान तक मात्र 110 ग्रामों में सभी घरों में जलापूर्ति प्रारम्भ की गई है। 87 ग्रामों में मात्र 50 प्रतिशत से कम घरों में जलापूर्ति की जा रही है। **अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जलापूर्ति हेतु निर्धारित समय प्रातः 7:00 बजे जलापूर्ति नहीं की जा रही है। एजेन्सी का निर्धारित रोस्टर के अनुसार ही जलापूर्ति किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है।** नियुक्त Sluice Valve Operator द्वारा निर्धारित समय पर जलापूर्ति नहीं की जा रही है।

कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी जी०वी०पी०आर० की सला ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत कुल 40 शिकायते 15 दिवस से अधिक समय से लम्बित हैं। Leakage rectification का कार्य 48 घण्टे में हो जाना चाहिए, परन्तु औसत 05 से 06 दिन का समय लग रहा है। रात्रि में लीकेज मरम्मत कार्य हेतु मैनपावर एवं मशीनरी तैयार नहीं की गई है। लीकेज मरम्मत किए जाने हेतु जोनवार टीम उपलब्ध नहीं है, लीकेज होने पर अगले दिन टीम आती है, जिससे ससमय लीकेज मरम्मत का कार्य पूर्ण नहीं हो पाता है। 200 mm से से अधिक व्यास वाली पाइप लाइन में नियमित पैट्रोलिंग की आवश्यकता है ताकि लीकेज मरम्मत का कार्य त्वरित कराया जा सके और जलापूर्ति प्रभावित न हो। सला डब्ल्यू०टी०पी० पर स्थित जल परीक्षण प्रयोगशाला में प्रत्येक ग्राम के वाटर सेम्पल टेस्ट किए जाने है। अधिक कनेक्शन वाले एवं महत्वपूर्ण ग्रामों (डकोर, धरगुवां, करमेर, ऐरी रमपुरा, ऐर, खरूसा, गढ़र) में शत प्रतिशत घरों में पेयजल आपूर्ति का कार्य नहीं किया जा रहा है। WTP पर Control Room बनाया गया है, जिसमें 24x7 लीकेज की शिकायत दर्ज की जा सकती है। एजेन्सी द्वारा Water Ambulance (01 vehicle, DG Set, Dewatering pump, Electro fusion machine with 01 fitter and 04 Labor) लगाई गई है। **सला डब्ल्यू०टी०पी०** के अन्तर्गत स्काडा को नियमित रूप से सक्रिय रखने हेतु निर्देशित किया गया। **WTP** पर संचालन एवं अनुरक्षण हेतु **Skilled Engineer** की कमी है। **सीडब्ल्यूआर एवं ओ०एच०टी० के Campus Development का कार्य नहीं किया जा रहा है।** सभी विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केन्द्र में पब्लिक स्टैण्ड पोस्ट अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है।

**(कार्यवाही अपेक्षित–डी०जी०एम० मै०जी०वी०पी०आर०लि०, हैदराबाद)**

Scanned with CamScanner

**Table No-3: RWS (Regular Water Supply Villages) disruption**

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि सला पेयजल योजना में रात्रि 07:00 बजे से प्रातः 07:00 बजे तक निर्बाध एवं सभी सीडब्ल्यूआर पर एक साथ विद्युत आपूर्ति किए जाने हेतु विद्युत विभाग द्वार रोस्टर निर्धारित किया गया है, जिसे सुनिश्चित किए जाने हेतु कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है, परन्तु रात्रि में विद्युत विभाग के कन्ट्रोल रूम द्वारा कोई रिस्पोन्स न देने के कारण माह जुलाई में 09 दिन विद्युत आपूर्ति प्रभावित हुई है। सला पेयजल योजना में बिरगुवां एवं धरगुवां सीडब्ल्यूआर पर माह जून में मात्र 02 दिन एवं माह जुलाई में मात्र 02 दिन ही 12 Hours से अधिक विद्युत आपूर्ति प्राप्त हुई है, जिससे 34 ग्रामों में जलापूर्ति बाधित है। सला पेयजल योजना में सला डब्ल्यूटीपी एवं मवई सीडब्ल्यूआर पर स्वतन्त्र फीडर अधिष्ठापित किया गया है, परन्तु विद्युत विभाग द्वारा स्वतन्त्र फीडर से अन्य स्थलों पर विद्युत आपूर्ति की गई, जिससे योजना में विद्युत आपूर्ति तथा जलापूर्ति प्रभावित हुई है। अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण, खण्ड प्रथम निर्देशित किया गया कि निर्धारित रोस्टर के अनुसार नियमित विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराएें तथा बिरगुवां एवं धरगुवां सीडब्ल्यूआर पर आ रहे व्यवधान को दूर कर अवगत कराएें एवं अधिशासी अभियन्ता, विद्युत/यांत्रिक, जल निगम को बैठक में उपस्थित होने तथा योग्य एवं अनुभवी सहायक अभियन्ता को नोडल नामित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है ताकि विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित कर निर्बाध विद्युत आपूर्ति कराई जा सके।

**(कार्यवाही अपेक्षित – अधि0अभिय0, विद्युत वितरण खण्ड प्रथम, अधि0अभि0 वि0/यॉ, जल निगम ग्रामीण, झॉसी)**

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि सला पेयजल योजना में विद्युत विभाग द्वारा पोल अधिष्ठापन के दौरान ग्राम हिनौना में माह अक्टूबर 2025 में ग्राम फुलैला में फरवरी 2026 में ग्राम रिनिया में जुलाई 2026 में ग्राम करियोली में जुलाई 2026 में पोल अधिष्ठापन के दौरान पाइप लाइन क्षतिग्रस्त कर दी गई है तथा ग्राम पंचायत द्वारा ग्राम गोराकरनपुर, धनौराकलां, काशीपुरा, रुरा सिरसा में नाली निर्माण के दौरान पाइप लाइन क्षतिग्रस्त की गई है। अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण, खण्ड प्रथम एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को तत्काल पाइप लाइन मरम्मत कराने हेतु निर्देशित किया गया ।

**(कार्यवाही अपेक्षित – अधि0अभिय0, विद्युत वितरण खण्ड प्रथम, जिला पंचायत राज अधिकारी)**

एट से कोटरा मार्ग पर चौडीकरण के कारण ग्राम कुरकुरू एंव करथरा में 02 कि0मी0 से अधिक एच0डी0पी0ई0 पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है, जिससे जलापूर्ति बाधित है। अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड लोक निमार्ण विभाग को अगले सप्ताह में पाइप लाइन मरम्मत कराए जाने के निर्देश दिए गए। **(कार्यवाही अपेक्षित–अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड लोक निमार्ण विभाग)**

**कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी बी0जी0सी0सी0 द्वारा अनुबन्ध संख्या 35/ई0डी0/2020–21 के सापेक्ष कराये जा रहे सतही स्रोत आधारित रायपुरा, मढ़ेपुरा, कोटा मुस्तकिल एवं 256 भूजल आधारित पेयजल योजनाओं प्रगति निम्नवत पाई गयी:–**

**<u>1–रायपुरा सतही जल आधारित पाइप पेयजल योजना :–</u>**

Scanned with CamScanner

इन्टेकवेल मे **JJM Logo, EOT Crane** एवं स्काडा अधिष्ठापन का कार्य शेष है। **डब्ल्यू0टी0पी0** में **EOT Crane** एवं स्काडा अधिष्ठापन का कार्य शेष है। सभी सी0डब्ल्यू0आर0 में क्लोरिनेशन हेतु क्लोरीन रूम का निर्माण कार्य एवं सभी ओ0एच0टी0 में स्काडा अधिष्ठापन हेतु आर0टी0यू0 रूम का निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है। 83 ग्राम के सापेक्ष मात्र 08 ग्राम में आंशिक जल आपूर्ति प्रारम्भ की गयी है। कमिशिनिंग, गैप क्लोजिंग एवं ग्राम में नियमित पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ किये जाने हेतु आवश्यक 32 टीम के सापेक्ष मात्र 12 टीम ही कार्यरत हैं। किसी भी ग्राम में जलापूर्ति प्रारम्भ नही की गयी है, जिससे ग्रामों को **हर घर जल** किया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है, **जिससे जनपद की प्रगति प्रभावित हो रही है।**

2–कोटा मुस्तकिल सतही जल आधारित पाइप पेयजल योजना :–

इन्टेकवेल मे पैनल अधिष्ठापन, **EOT Crane, SCADA** का कार्यशेष है। **EOT Crane**एवं स्काडा की सामग्री वर्तमान तक **कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी बी0जी0सी0सी0 द्वारा क्रय नही की गयी है।** **डब्ल्यू0टी0पी0** में प्लान्टेशन का कार्य तथा स्काडा अधिष्ठापन का कार्य शेष है। सभी सी0डब्ल्यू0आर0 में क्लोरिनेशन हेतु क्लोरीन रूम का निर्माण कार्य एवं सभी ओ0एच0टी0 में स्काडा अधिष्ठापन हेतु आर0टी0यू0 रूम का निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है। वर्तमान तक 77 ग्राम के सापेक्ष मात्र 01 ग्राम में जलापूर्ति की गयी है तथा कमिशिनिंग, गैप क्लोजिंग एवं ग्राम में नियमित पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ किये जाने हेतु *आवश्यक 40 टीम के सापेक्ष मात्र 05 टीम ही कार्यरत हैं।* किसी भी ग्राम में जलापूर्ति प्रारम्भ नहीं की गयी है, जिससे ग्रामों को **हर घर जल** किया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है।

## 3– मढ़ेपुरा सतही जल आधारित पाइप पेयजल योजना :–

इन्टेकवेल मे **EOT Crane, SCADA, JJM Logo** एवं पेन्टिंग का कार्य शेष है। **डब्ल्यू0टी0पी0** में स्काडा अधिष्ठापन का कार्य शेष है। सभी सी0डब्ल्यू0आर0 में क्लोरिनेशन हेतु क्लोरीन रूम का निर्माण कार्य एवं सभी ओ0एच0टी0 में स्काडा अधिष्ठापन हेतु आर0टी0यू0 रूम का निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है। 69 ग्राम के सापेक्ष केवल 08 ग्राम में आंशिक जलापूर्ति प्रारम्भ की गई है। कमिशिनिंग, गैप क्लोजिंग एवं ग्राम में नियमित पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ किये जाने हेतु आवश्यक 32 टीम के सापेक्ष मात्र 06 टीम ही कार्यरत हैं। किसी भी ग्राम में जलापूर्ति प्रारम्भ नही की गयी है, जिससे ग्रामों को **हर घर जल** किया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है।

4– 256 नलकूप आधारित पाइप पेयजल योजना :–

256 नग नलकूप आधारित पाइप पेयजल योजना के अन्तर्गत **205** पम्प अधिष्ठापन का कार्य किया गया है, परन्तु स्टॉटर एव पैनल अधिष्ठापन का कार्य नहीं किया गया हैं, जिससे ग्रामों को कमिशनिंग किया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है। सभी ओएचटी को फंक्शनल किये जाने हेतु कोई भी टीम नहीं लगाई गई है। 256 पम्प हाउस के सापेक्ष 08 पर कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है तथा दरवाजे, खिड़की, क्लोरीन डोजिंग सिस्टम, पैन्टिंग एवं वोल्टेज स्टेप लाईजर, गर्डर, पैनल लगाये जाने एवं अन्य वि0/यॉ0 कार्य पूर्ण नहीं हैं। 433 ग्रामों में 350 ग्रामों में गृह जल संयोजन का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। आवश्यक 48 टीम के सापेक्ष मात्र 04 टीम कार्यरत है। कमिशिनिंग, गैप क्लोजिंग एवं ग्राम में नियमित पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ किये जाने हेतु आवश्यक 32 टीम के सापेक्ष मात्र 02 टीम ही कार्यरत हैं।

Scanned with CamScanner

कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी बी0जी0सी0सी0 द्वारा पाइप लाइप बिछाए जाने हेतु 264 ग्रामों में सी0सी0 (सीमेन्ट कंक्रीट) रोड, इण्टरलोकिंग रोड एवं खड़न्जा/बी0ओ0ई0 रोड तोड़ी गई थी, परन्तु 02 वर्ष से अधिक समय व्यतीत होने के उपरान्त भी 179643 मीटर सी0सी0 (सीमेन्ट कंक्रीट) रोड, 19268 मीटर इण्टरलोकिंग रोड एवं 14650 मीटर खड़न्जा/बी0ओ0ई0 रोड रेस्टोरेशन का कार्य नहीं किया गया है। इसके अतिरिक्त 402 ग्रामों में 40 से 50 प्रतिशत रोड रेस्टोरेशन शेष है तथा लीकेज/गृह संयोजन कार्य हेतु खोदे गए पिट/गड्ढे का कार्य शेष है। गत 02 माह में प्रगति नगण्य है, किसी भी ग्राम में शतप्रतिशत रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्णनहीं किया गया है। अतः एजेन्सी को अगले एक माह में सभी ग्रामों में रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया, अन्यथा की स्थिति में एजेन्सी के विरूद्ध अनुबन्ध की शर्तानुसार कार्यवाही किए जाने हेतु अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति एवं अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया जाएगा।

कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी जी0वी0पी0आर0 व बी0जी0सी0सी0 के प्रतिनिधियों को सभी ग्रामों में रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण किये जाने, स्काडा अधिष्ठापन, शेष राइजिंग मेन एवं वितरण प्रणाली की ज्वाइटिंग, गृह जल संयोजन के कार्य एवं नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ किये जाने के कार्यो तथा सभी ग्रामों को "हर घर जल" कराये जाने हेतु आवश्यक मैनपावर एवं मशीनरी लगाते हुये अनुबन्ध की शर्तानुसार यथाशीघ्र पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। **(कार्यवाही अपेक्षित–डी0जी0एम0 मै0जी0वी0पी0आर0लि0, हैदराबाद, मै0बी0एल0जी0 कन्स्ट्रक्शन टी0पी0आई0, जल निगम)**

## Table No-4: Certification/Jal Arpan/Jal Aklan/RPWSS/Road Restoration

**जल अर्पण** – अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी मै0 जी0वी0पी0आर0 द्वारा 197 ग्रामों के सापेक्ष 51 ग्रामों में, एवं कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी मै0 बी0जी0सी0सी0 द्वारा 94 ग्रामों के सापेक्ष 04 ग्रामों में एवं मै0 मोहित पॉलिटेग द्वारा 31 ग्रामों के सापेक्ष 11 ग्रामों में जल अर्पण का कार्य पूर्ण कराया गया है। शेष ग्रामों में माह अगस्त 2026 में पूर्ण कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। **(कार्यवाही अपेक्षित–मै0 जी0वी0पी0आर0, मै0 बी0जी0सी0सी0 एवं मै0 एम0पी0पी0एल0)**

**जल सेवा आंकलन** – जल सेवा आंकलन के अन्तर्गत विकासखण्ड कोंच में 04, विकासखण्ड जालौन में 14, नदीगांव में 01 एवं डकोर में 02 ग्रामों के वी0डब्ल्यू0एस0सी0 की बैठक का कार्यवृत्त पोर्टल पर अपलोड नहीं किया गया।, जिसे तत्काल पोर्टल पर अपलोड करने हेतु निर्देशित कया गया। **(कार्यवाही अपेक्षित–सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी)**

हर घर जल प्रमाणीकरण हेतु अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जिन ग्रामों में सभी घरों में पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है। उनमें ग्राम सभा की बैठक आयोजित कराते हुए ग्राम को हर घर जल घोषित कराया जाना सुनिश्चित करे। **(कार्यवाही अपेक्षित–अधि0अभि0 जल निगम ग्रामीण तथा जिला पंचायत राज अधिकारी)**

## Table No-4A: RPWSS Village Details

Scanned with CamScanner

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद जालौन के ग्रामीण क्षेत्रों में सभी 926 ग्रामों का **RPWSS Id** बनाए जाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

**Table No-6: Unified Command and Control System (UCCS) & Automation**

कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी मै0जीवीपीआर द्वारा स्काडा अधिष्ठापित किया गया है तथा क्रियाशील है। एजेन्सी मै0 बीजीसीसी द्वारा स्काडा स्थापित नहीं किया गया है, जिसे अगले एक माह में अधिष्ठापित कर क्रियाशील करने हेतु निर्देशित किया गया।

**Table No-7: Grievance Redressal System**

जल जीवन मिशन के अंतर्गत जनपद में जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से 01.01.2026 से 30.07..2026 तक 3499 शिकायते प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 3017 निस्तारित की जा चुकी हैं कुल 482 लम्बित हैं। कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी जी0वी0पी0आर0 की कुल 1433 शिकायते प्राप्त हुई हैं, जिसमें से 1326 शिकायतें निस्तारित की जा चुकी हैं तथा 107 लम्बित हैं। कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी बी0जी0सी0सी0 की कुल 1784 शिकायते प्राप्त हुई हैं, जिसमें से 404 शिकायतें निस्तारित की जा चुकी हैं तथा 325 लम्बित हैं। जल निगम (ग्रामीण) की कुल 282 शिकायते प्राप्त हुई हैं, जिसमें से 232 शिकायतें निस्तारित की जा चुकी हैं तथा 50 लम्बित हैं। प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्वक निस्तारण नहीं किया जा रहा है तथा शिकायतकर्ता से संतुष्ट फीडबैक प्राप्त हो रहा है। शिकायतों के निस्तारण में सभी शिकातयकर्ताओं से दूरभाष/व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क किए जाने हेतु तथा जलापूर्ति के फोंटों के साथ शिकायतों का निस्तारण किए जाने हेतु निदेशित किया गया। **(कार्यवाही अपेक्षित–अधि0अभि0 जल निगम ग्रामीण तथा समस्त कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी)**

**Table No-8: भारत सरकार द्वारा निर्धारित, प्रदेश के Arsenic/Fluoride/JE/AES प्रभावित क्षेत्रों का विवरण**

जनपद जालौन में आर्सेनिक/फ्लॉराइड जेई/एई प्रभावित ग्राम नहीं है।

**Table No-9: Water Quality**

जल जीवन मिशन के अंतर्गत उपलब्ध कराए जा रहे पेयजल कि गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु जनपद स्तरीय जल परीक्षण प्रयोगशाला में एवं डब्ल्यूटीपी स्थित प्रयोगशाला में प्रत्येक ग्राम के वाटर सैंपल नियमित रूप से जॉच किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। प्रत्येक ग्राम में चयनित एफटीके प्रशिक्षित महिलाओं के माध्यम से जल परीक्षण नियमित रूप से कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। **(कार्यवाही अपेक्षित–अधि0अभि0 जल निगम ग्रामीण तथा समस्त कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी)**

Scanned with CamScanner

**Table No-10: Automation Integrated Schemes**

कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी मै0जीवीपीआर द्वारा स्काडा अधिष्ठापित किया गया है तथा क्रियाशील है। एजेन्सी मै0 बीजीसीसी द्वारा स्काडा स्थापित नहीं किया गया है, जिसे अगले एक माह में अधिष्ठापित कर क्रियाशील करने हेतु निर्देशित किया गया। **(कार्यवाही अपेक्षित–अधि0अभि0 वि/यॉ जल निगम ग्रामीण झॉसी तथा समस्त कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी)**

**जल सारथी एप –** जल जीवन मिशन (नमामि गंगे) के अन्तर्गत विकसित किए गए मोबाईल एप "जल सारथी" का जनपद एवं ग्राम स्तर पर शत प्रतिशत डाउनलोड कराते हुए व्यापक प्रचार–प्रसार किए जाने हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी को सभी ग्राम प्रधानों को एवं वीडब्ल्यूएससी के समस्त सदस्यों को एप डाउनलोड किए जाने हेतु सूचित करने हेतु निर्देश दिए गए। सभी खण्ड विकास अधिकारी को प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार, सेवक तथा तकनीकी सहायक की सहायता से ग्रामीणो को एप डाउनलोड किए जाने के निर्देश दिए गए। जिला कार्यक्रम अधिकारी के माध्यम से समस्त आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को भी एप डाउनलोड कराए जाने हेतु निर्देश दिए गए। बेसिक शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग, पंचायती राज विभाग एवं अन्य सम्बन्धित विभागों के मध्य आवश्यक समन्वय स्थापित करते हुए प्रत्येक ग्राम में सभी हितधारकों के मोबाइल में 12.08.2026 तक जल सारथी मोबाइल एप डाउनलोड एवं इंस्टॉल कराया जाना सुनिश्चित करें तथा जनपद के निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें। **(कार्यवाही अपेक्षित–अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति तथा अधि0अभि0 जल निगम ग्रामीण )**

बैठक सधन्यवाद सम्पन्न हुई।







**यह कार्यवृत्त जिलाधिकारी महोदय के अनुमोदनोपरान्त जारी किया गया है।**

30/7/2026

अपर जिलाधिकारी,
नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति
जनपद–जालौन

Scanned with CamScanner

# कार्यालय जिलाधिकारी, जालौन।

पत्रांक 2114 /M-41/ 38 दिनांकः– 30/07/2026

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. आयुक्त महोदय, झाँसी मण्डल, झाँसी।
2. प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. जिलाधिकारी महोदय, जालौन।
4. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
5. मुख्य विकास अधिकारी, जालौन।
6. अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), जालौन।
7. अधिशासी अभियन्ता (वि0/याँ0), जल निगम (ग्रामीण), झाँसी।
8. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, जालौन।
9. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, प्रथम जालौन।
10. जिला पंचायत राज अधिकारी, जालौन।
11. समस्त खण्ड विकास अधिकारी, जनपद जालौन।
12. मै0 जी0वी0पी0आर0, इंजीनियर्स, लि0 हैदराबाद।
13. मै0 बी0जी0सी0सी0, प्रा0लि0, नई दिल्ली।

30/07/2026

अपर जिलाधिकारी,
नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति
जनपद–जालौन

Scanned with CamScanner